भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 635
उत्तर देने की तारीख 23 जुलाई, 2025

पूर्वोत्तर क्षेत्र के सुदूर सीमावर्ती क्षेत्रों में मोबाइल कनेक्टिविटी

635. डॉ. इन्द्रा हांग सुब्बाः

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पूर्वोत्तर क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क कनेक्टिविटी से वंचित सीमावर्ती गांवों/क्षेत्रों का ब्यौरा क्या है और उनकी संख्या कितनी है;
(ख) पूर्वोत्तर क्षेत्र के सुदूर सीमावर्ती गांवों/क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क को मजबूत करने के लिए पिछले पांच वर्षों के दौरान आबंटित कुल बजट का ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार की सिक्किम में भारत-नेपाल सीमा पर मोबाइल नेटवर्क को मजबूत करने की कोई योजना है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) से (ङ) पूर्वोत्तर क्षेत्र के सीमावर्ती क्षेत्रों में 5,200 गांवों/बस्तियों में से 4,696 गांवों/बस्तियों को मोबाइल कनेक्टिविटी से कवर किया गया है। पूर्वोत्तर क्षेत्र के सीमावर्ती गांवों में मोबाइल कवरेज का राज्यवार विवरण अनुबंध में दिया गया है।

सेवा से वंचित आबादी वाले किसी भी गांव के लिए मोबाइल कवरेज, तकनीकी-व्यावसायिक व्यवहार्यता के आधार पर दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) द्वारा प्रदान ेकी जाती है। सरकार

डिजिटल भारत निधि (डीबीएन) से प्राप्त वित्त पोषण के माध्यम से देश के ग्रामीण, दूरदराज और सीमावर्ती क्षेत्रों में मोबाइल टावरों की संस्थापना के माध्यम से दूरसंचार कनेक्टिविटी के विस्तार के लिए विभिन्न स्कीमों का कार्यान्वयन कर रही है। जून, 2025 तक, डीबीएन द्वारा वित्त पोषित मोबाइल स्कीमों के तहत सिक्किम में 11 साइट को चालू किया गया है जो सीमावर्ती क्षेत्रों सहित 13 गांवों को मोबाइल कवरेज प्रदान कर रही हैं।

पिछले पांच वर्षों (वित्त वर्ष 2020-21 से वित्त वर्ष 2024-25) के दौरान पूर्वोत्तर क्षेत्र के दूरदराज के इलाकों में मोबाइल नेटवर्क को सुदृढ़ करने के लिए डिजिटल भारत निधि की विभिन्न स्कीमों के तहत 1775.53 करोड़ रुपये आवंटित/वितरित किए गए हैं।

अनुबंध

"पूर्वोत्तर क्षेत्र के सुदूर सीमावर्ती क्षेत्रों में मोबाइल कनेक्टिविटी" के संबंध में माननीय संसद सदस्य द्वारा पूछे जाने वाले लोक सभा के दिनांक 23 जुलाई, 2025 के अतारांकित प्रश्न संख्या 635 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

दिनांक 31.05.2025 तक पूर्वोत्तर क्षेत्र के सीमावर्ती गांवों/बस्तियों में मोबाइल कवरेज का राज्य-वार विवरण:

क्र. सं.	राज्य	कुल गांव/बस्तियां	मोबाइल कवरेज वाले गांव/बस्तियां
1	अरुणाचल प्रदेश	1502	1165
2	असम	1237	1237
3	मणिपुर	263	194
4	मेघालय	1272	1238
5	मिजोरम	378	365
6	नागालैंड	135	96
7	सिक्किम	68	68
8	त्रिपुरा	345	333
	कुल	**5200**	**4696**

*****